प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 6

कक्षा–10 परीक्षा 2026–27

हिन्दी–अ (कोड–002)

निर्धारित समय : 3 घंटे **अधिकतम अंक : 80**

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए :

(i) इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं– क, ख, ग, घ।

(ii) इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रश्नपत्र में आतंरिक विकल्प दिए गए हैं।

(iv) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।

खंड–क (अपठित बोध) 14

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 7

भारत में सौर ऊर्जा का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। सौर ऊर्जा एक नवीकरणीय स्रोत है, जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना बिजली उत्पन्न करता है। भारत के कई हिस्सों में साल भर धूप की भरपूर उपलब्धता होती है, जिससे सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए यह उपयुक्त स्थान बन जाता है। राजस्थान, गुज. रात, मध्य प्रदेश, और तमिलनाडु जैसे राज्यों में सौर ऊर्जा उत्पादन के बड़े–बड़े Iलांट स्थापित किए गए हैं। भारत सरकार ने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें 'सोलर मिशन' प्रमुख है। इसका उद्देश्य 2030 तक सौर ऊर्जा के माध्यम से 100 गीगावॉट बिजली उत्पादन करना है।

सौर ऊर्जा न केवल प्रदूषण रहित होती है, बल्कि इससे बिजली की लागत भी कम होती है। इसे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में आसानी से स्थापित किया जा सकता है, जहाँ पारंपरिक बिजली की उपलब्धता कम होती है। सोलर पैनल की स्थापना के बाद उसे बनाए रखने में कम खर्च आता है, जिससे यह एक किफायती विकल्प बन जाता है। भारत में सोलर पैनल से उत्पन्न बिजली का उपयोग कृषि, उद्योग, और घरेलू उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। सौर ऊर्जा का बढ़ता उपयोग न केवल पर्यावरण को सुरक्षित करता है, बल्कि इससे रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न हो रहे हैं।

(क) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:

कथन (A) : भारत में सौर ऊर्जा उत्पादन तेजी से बढ़ रहा है।

कारण (R) : सौर ऊर्जा प्रदूषण रहित और किफायती होती है।

i. कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

iv. कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(ख) भारत में सौर ऊर्जा का उपयोग बढ़ रहा है क्योंकि–
कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए:
I. यह प्रदूषण रहित है।
II. इसे आसानी से स्थापित किया जा सकता है।
III. इसे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में उपयोग किया जा सकता है।
IV. यह महंगी होती है।
विकल्प–
i. कथन I और II सही हैं।
ii. कथन I, II और III सही हैं।
iii. केवल कथन IV सही है।
iv. कथन I, II, III और IV सही हैं।

(ग) नीचे दिए हुए कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कर सही विकल्प का चयन कीजिए:

	कॉलम 1		**कॉलम 2**
I	भारत में सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक राज्य	1.	राजस्थान
II	भारत में दूसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक राज्य	2.	गुजरात
III	सोलर मिशन का उद्देश्य	3.	100 गीगावॉट

i. I (1), II (2), III (3)
ii. I (2), II (1), III (3)
iii. I (3), II (1), III (2)
iv. I (1), II (3), III (2)

(घ) सौर ऊर्जा के उत्पादन में 'सोलर मिशन' की क्या भूमिका है?

(ङ) सौर ऊर्जा उत्पादन रोजगार के अवसर प्रदान करता है– कैसे?

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 7

जलते दीपक से सीखा,
तूफ़ानों से लड़ा नहीं जाता।
जब तक बुझता नहीं,
प्रकाश की किरणें बिखेरता है।
हर अंधकार को चीरकर,
अपनी रोशनी फैलाता है।
सिर्फ़ रौशनी ही नहीं,
धैर्य और शक्ति भी देता है।
तूफ़ान आएंगे, और उन्हें जाना भी होगा,
तू जलता रह, क्योंकि यही जीवन का सार है।
आओ हम सब दीपक बनें,
अंधकार को दूर भगाएँ,
और इस जीवन के संघर्ष में,

अपनी रोशनी से आगे बढ़ते रहें।
तूफ़ानों से घबराकर बुझना नहीं,
बल्कि उनके साथ संघर्ष करना है।

–सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(क) इस काव्यांश में दीपक से क्या सिखने की बात कही गई है?
i. जलना
ii. प्रकाश फैलाना
iii. धैर्य रखना
iv. संघर्ष करना

(ख) इस काव्यांश में दीपक के किन गुणों का वर्णन किया गया है?
उचित विकल्प का चयन कीजिए:
I. दीपक हमेशा अंधकार को दूर करता है।
II. दीपक धैर्य और शक्ति का प्रतीक है।
III. दीपक तूफ़ानों से लड़ता है।
IV. दीपक संघर्ष से हार मान लेता है।
विकल्प:
i. कथन I और II सही हैं।
ii. कथन I और III सही हैं।
iii. कथन II और III सही हैं।
iv. कथन I, II और III सही हैं।

(ग) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:
कथन (A) : दीपक अंधकार से हार जाता है।
कारण (R) : क्योंकि दीपक का उद्देश्य अंधकार को फैलाना होता है।
i. कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) इस काव्यांश में कवि ने दीपक की किस विशेषता को संघर्ष के प्रतीक के रूप में दर्शाया है?

(ङ) इस काव्यांश में तूफ़ानों का जीवन के संघर्ष से क्या संबंध बताया गया है?

खंड – ख (व्यावहारिक व्याकरण) 16

3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए– $4 \times 1 = 4$

(क) वे उन सब लोगों से मिले, जो मुझे जानते थे। (सरल वाक्य में बदलिए)

(ख) एक मोटरकार जो उनकी दुकान के सामने आकर रुकी। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ग) मैं नहीं जानता कि इस संन्यासी ने कभी क्या सोचा था। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद भी लिखिए)

(घ) हमें स्वयं करना पड़ा और पसीने छूट गए। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(ङ) जब मॉरीशस की स्वच्छता देखी तब मन प्रसन्न हो गया। (रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए)

4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए– $4 \times 1 = 4$

(क) न्यूटन के गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत का आविष्कार किया। (कर्मवाच्य में बदलिए)

(ख) कारीगर द्वारा मूर्ति को संगमरमर से तराशा गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(ग) उसने अपने मुँह का कौर छोड़ा। (भाववाच्य में बदलिए)

(घ) हालदार साहब ने मूर्ति पर हर बार नया चश्मा देखा। (वाच्य पहचानकर भेद बताइए)

(ङ) अकर्मक–सकर्मक दोनों प्रकार की क्रियाओं का प्रयोग किस वाच्य में होता है?

5. निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद–परिचय लिखिए– $4 \times 1 = 4$

(क) बालगोबिन भगत मँझोले कद के गोरे– चिट्टे आदमी थे।

(ख) नमक–मिर्च छिड़क दिए जाने से ताज़े खीरे की पनियाती फाँके देखकर मुँह में पानी खूब आ रहा था लेकिन वे इनकार कर चुके थे।

(ग) दोनों बड़े भाई भी आगे पढ़ाई के लिए बाहर चले गए।

(घ) अमीरुद्दीन अभी सिर्फ़ छः साल का है।

(ङ) उन्होंने अपनी लाल–काली बत्तीसी दिखा दी।

6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों की रेखांकित काव्य पंक्तियों में अलंकार पहचान कर लिखिए– $4 \times 1 = 4$

(क) तुम सुनकर सुख पाओगे, देखोगे यह गागर रीती।

(ख) सिमटा हुआ संकोच है हवा की थिरकन का।

(ग) वह अपनी गूँज मिलाता आया है प्राचीन काल से

(घ) सखि सोहत गोपाल के, उर गुंजन की माल। बाहर लसत मनो पिये, दावानल की ज्वाल।।

(ङ) मधुकर सरिस संत, गुन ग्राही।.

खंड – ग 30

(पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक)

7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए– $5 \times 1 = 5$

जिस योग्यता, प्रवृत्ति अथवा प्रेरणा के बल पर आग का व सुई–धागे का आविष्कार हुआ, वह है व्यक्ति–विशेष की संस्कृति; और उस संस्कृति द्वारा जो आविष्कार हुआ, जो चीज़ उसने अपने तथा दूसरों के लिए आविष्कृत की, उसका नाम है सभ्यता। जिस व्यक्ति में पहली चीज़, जितनी अधिक व जैसी परिष्कृत मात्रा में होगी, वह व्यक्ति उतना ही अधिक व वैसा ही परिष्कृत होगा। एक संस्कृत व्यक्ति किसी

नई चीज़ की खोज करता है; किंतु उसकी संतान को अपने पूर्वज से अनायास ही प्राप्त हो जाती है। जिस व्यक्ति की बुद्धि ने अथवा उसके विवेक ने किसी भी नए तथ्य का दर्शन किया, वह व्यक्ति ही वास्तविक संस्कृत व्यक्ति है।

(क) 'संस्कृति' से क्या तात्पर्य है?
कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–
I. नई खोज करने की योग्यता।
II. आविष्कार की प्रवृत्ति।
III. व्यक्ति–विशेष का परिष्कार।
IV. अन्य लोगों के लिए कुछ नया आविष्कृत करना।
विकल्पः
i. कथन I और III सही हैं।
ii. कथन II और IV सही हैं।
iii. केवल कथन III सही है।
iv. कथन I, II और III सही हैं।

(ख) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिएः
कथन (A) : सभ्यता वह है, जो किसी संस्कृति द्वारा आविष्कृत वस्तु को दूसरों के लिए उपलब्ध कराती है।
कारण (R) : संस्कृति नई चीज़ों की खोज से संबंधित होती है, जबकि सभ्यता उनका उपयोग दूसरों के लिए करती है।
विकल्पः
i. कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(ग) संस्कृत व्यक्ति कौन होता है?
i. जो नई चीज़ की खोज करता है।
ii. जो अपनी संस्कृति का पालन करता है।
iii. जो दूसरों को अपनी संस्कृति सिखाता है।
iv. जो परंपरा का अनुसरण करता है।

(घ) संस्कृति और सभ्यता में क्या अंतर है?
i. संस्कृति नई खोजों से संबंधित है, सभ्यता उनके उपयोग से।
ii. सभ्यता नई खोजों से संबंधित है, संस्कृति उनके उपयोग से।
iii. संस्कृति और सभ्यता समान हैं।
iv. संस्कृति का कोई प्रभाव नहीं है, सभ्यता आवश्यक है।

(ङ) इस गद्यांश का मूल भाव क्या है? उचित विकल्प का चयन कीजिए–
I. संस्कृत व्यक्ति की भूमिका।
II. संस्कृति और सभ्यता का अंतर।
III. नई खोज की प्रवृत्ति।
IV. परिष्कृत व्यक्ति और उसके गुण।

विकल्पः

i. कथन I और II सही हैं।
ii. कथन I और III सही हैं।
iii. केवल कथन II सही है।
iv. कथन I और IV सही हैं।

8. निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए– $3 \times 2 = 6$

(क) नवाब साहब के द्वारा खीरा खाने के अनुरोध को लेखक ने स्वीकार क्यों नहीं किया? लेखक की अस्वीकारृति के औचित्य–अनौचित्य के विषय में अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(ख) 'एक कहानी यह भी' पाठ में लेखिका किन कारणों से हीन भावना से ग्रस्त हुई?

(ग) कजरी और चैती क्या है?

(घ) बालगोबिन भगत पाठ के आधार पर बताइए कि कैसे आदमियों पर ज्यादा नजर रखनी चाहिए?

9. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए– $5 \times 1 = 5$

मुख्य गायक के चट्टान जैसे भारी स्वर का साथ देती
वह आवाज सुंदर कमजोर काँपती हुई थी
वह मुख्य गायक का छोटा भाई है
या उसका शिष्य
या पैदल चलकर सीखने आने वाले दूर का कोई रिश्तेदार
मुख्य गायक की गरज में
वह अपनी गूँज मिलाता आया है प्राचीनकाल से
गायक जब अंतरे की जटिल तानों के जंगल में
खो चुका होता है
या अपने ही सरगम को लाँघकर
चला जाता है भटकता हुआ एक अनहद में
तब संगतकार ही स्थाई को सँभाले रहता है।

(क) उपर्युक्त पद में 'मुख्य गायक के चट्टान जैसे भारी स्वर' का क्या संकेत है?

i. मुख्य गायक की कठोरता का
ii. मुख्य गायक की आवाज की गहराई का
iii. संगतकार की निर्भरता का
iv. संगीत के प्रति मुख्य गायक की लगन का

(ख) 'संगतकार ही स्थाई को सँभाले रहता है' पंक्ति में किस स्थिति की ओर संकेत है?

I. संगतकार के महत्व की ओर
II. मुख्य गायक की कमजोरी की ओर
III. संगीत में संगतकार की भूमिका की ओर
IV. गायक की असफलता की ओर

विकल्पः

i. कथन I सही है।
ii. कथन I और II सही हैं।
iii. कथन I और III सही हैं।
iv. कथन I और IV सही हैं।

(ग) कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनिएः
कथन (A) : मुख्य गायक का स्वर बेहद गहन है।
कारण (R) : मुख्य गायक अपने स्वर के कारण जटिल तानों में खो जाता है।

i. कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) 'वह अपनी गूँज मिलाता आया है प्राचीनकाल से' पंक्ति में 'वह' किसकी ओर संकेत करता है?

i. मुख्य गायक का शिष्य
ii. मुख्य गायक का सहायक
iii. मुख्य गायक का भाई
iv. संगीत के प्रति निष्ठा

(ङ) 'गायक जब अंतरे की जटिल तानों के जंगल में खो चुका होता है' पंक्ति में किस भावना की ओर संकेत है?

I. गायक की असफलता
II. गायक की आत्म–विश्लेषण की प्रवृत्ति
III. संगीत की जटिलता
IV. संगतकार की सहायता

विकल्पः

i. कथन I सही है।
ii. कथन II और III सही हैं।
iii. कथन II और IV सही हैं।
iv. कथन I और III सही हैं।

10. निर्धारत कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए– $3 \times 2 = 6$

(क) 'जागत–सोवत दिवस–निसि, कान्ह–कान्ह जकरी'–इस पंक्ति द्वारा गोपियों की किस मनःस्थिति का वर्णन किया गया हैं?

(ख) कवि प्रसाद को लंबे कालचक्र में क्या छिपा हुआ दिखाई देता है? उनके अनुसार 'अनंत–नीलिमा' और 'जीवन इतिहास' दोनों का परस्पर क्या संबंध है? स्पष्ट कीजिए।

(ग) पत्तों से लदी डाल, कहीं हरी, कहीं लाल, पंक्ति में किस ऋतु और महीने की शोभा का वर्णन है? इस पंक्ति का भाव अपने शब्दों में पठित कविता के आधार पर लिखिए।

(घ) 'यह दंतुरित मुस्कान' कविता में शेफालिका के फूल झरने का क्या आशय है और ऐसा क्यों हुआ है?

11. पूरक पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए– $2 \times 4 = 8$

(क) कुछ रचनाकारों के लिए आत्मानुभूति/स्वंय के अनुभव के साथ–साथ बाह्य दबाव भी महत्त्वपूर्ण होता है। ये बाह्य दबाव कौन–कौन से हो सकते हैं।

(ख) प्रकृति की सुंदरता हमें अध्यात्म की ओर मोड़ती है। 'साना–साना हाथ जोड़ि' पाठ में आए दो–तीन प्रसंगों के आधार पर बताइए कि हमें इस सुंदरता के संरक्षण के लिए क्या–क्या उपाय करने चाहिए?

(ग) घर में पूजा–पाठ का माहौल होने से बच्चे पर क्या सकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं? 'माता का आँचल' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

खंड–घ (रचनात्मक लेखन) 20

12. निम्नलिखित तीन विषयों में से <u>किसी एक</u> विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए– $1 \times 6 = 6$

(क) आधुनिक जीवन–शैली एवं स्वास्थ्य समस्याएँ

संकेत बिंदु :

- आधुनिक युग एवं जीवन–शैली
- बदलता परिवेश
- समय की कमी
- कार्य की अधिकता
- विभिन्न रोगों से पीड़ित
- बचने के उपाय

(ख) आतंकवाद की समस्या : आखिर कब तक?

संकेत बिंदु :

- आतंकवाद का अर्थ
- बढ़ता आतंकवाद
- मनुष्यता के लिए खतरा
- इसके दुष्प्रभाव
- नष्ट करने के उपाय
- विश्व स्तर पर इसके विरुद्ध हो रहे प्रयास

(ग) जब आवै संतोष धन, सब धन धूरि समान

संकेत बिंदु :

- संतोष (संतुष्टि) का भाव का अर्थ एवं उसका महत्त्व
- संतोष जैसा गुण व्यक्ति के लोभ, ईर्ष्या आदि बुराइयों को हटाने में सहायक
- असंतोष से उत्पन्न सभी समस्याओं का समाधान।

13. (क) आप मनोज यादव हैं। आपके जिले में खनन माफियाओं द्वारा स्थानीय बरसाती नदी से बड़ी मात्रा में रेत एवं मिट्टी का अवैध उत्खनन करवाया जा रहा है। यह कार्य स्थानीय पुलिस व नेताओं के संरक्षण में धड़ल्ले से चल रहा है। आप एक जागरूक नागरिक होने के नाते इस संदर्भ में जिलाधिकारी, अ.ब.स. नगर को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

(ख) आप शौर्य इंटरनेशनल स्कूल, अ.ब.स. छात्रावास के कमरा नं.–21 में रहने वाले विजय वशिष्ठ है। अपने द्वारा की गई किसी भूल के बारे में बताते हुए अपने पिताजी को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए, जिसमें क्षमा–प्रार्थना के साथ इस भूल को कभी न दोहराने की विनती भी की गई हो।

14. (क) आप नेहा श्रीवास्तव हैं। आप एम.बी.बी.एस. कर चुकी हैं। आपको महिला चिकित्सालय में चिकित्सक के पद हेतु आवेदन करना है। इसके लिए आप अपना एक संक्षिप्त स्ववृत्त (बायोडाटा) लगभग 80 शब्दों में तैयार कीजिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

(ख) आप नीवन शुक्ला हैं। आपका लैंड लाइन फोन खराब हो गया है। भारत संचार निगम को खराब फोन की मरम्मत के लिए शिकायत करते हुए लगभग 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।

15. (क) आपके विद्यालय में श्रेया घोषाल की गायकी का कार्यक्रम है। इस संदर्भ में किसी प्रतिष्ठित समाचार पत्र में देने योग्य विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए। $1 \times 4 = 4$

अथवा

(ख) शहीद–दिवस पर शहीदों को नमन करते हुए लगभग 40 शब्दों में संदेश लिखिए।

www.nodia.in